## महत्वपूर्ण एवं खास

### सड़क दुर्घटना में एक की मौत 1 घायल

**रायगढ़।** थाना धरमजयगढ़ अन्तर्गत ग्राम नागदरहा नवाडीह में रहने वाला दशरथ राठिया पिता जहान राठिया उम्र 60 वर्ष दिनांक 12/06/2021 को थाना धरमजयगढ़ में रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 12/06/2021 को इसका भतीजा मनुराम राठिया पिता तिलक सिंह राठिया उम्र 47 वर्ष अपने मोटर सायकल के पीछे शाहनी राम राठिया को बैठाकर घर से खेत में बुनाई करने के लिये धान बीजा खरीदने कुडुमकेला जाने के लिये निकला था। धान खरीदकर वापस घर आते समय शाम करीब 05:00 बजे पण्डरीपानी फाटक के पास धरमजयगढ की ओर से आ रहे वाहन कार क्रमांक सीजी 13-सी-7679 का चालक मनुराम के मोटर सायकल को ठोंकर मारकर एक्सीडेंट कर भाग गया। एक्सीडेंट में मनुराम राठिया को सिर एवं दांये पैर में गंभीर चोट लगने से घटनास्थल पर ही फौत हो गया, साहनी राम राठिया के बांये भुजा एवं दाहिना पैर में चोट आया है। घटना के संबंध में कार के चालक के विरूद्ध अप.क्र. 120/धारा 279,337,304-ए भादवि दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### बरमकेला बस स्टैंड के पास अवैध गांजा के साथ पकड़ा गया आरोपी, एनडीपीएस एक्ट की कार्रवाई



**बरमकेला।** दिनांक 12/06/2021 को बरमकेला पुलिस द्वारा मुखबीर सूचना पर बस स्टैंड बरमकेला के पास आरोपी नवधा वासुदेव पिता कश्मीरा वासुदेव उम्र 27 वर्ष ग्राम करीगांव थाना मालखरौदा जिला जांजगीर चांपा को अवैध गांजा बिक्री के लिये ग्राहक तलाश करते वक्त पकड़ा गया है। आरोपी के पास से 03 किलो ग्राम मादक पदार्थ गांजा कीमती 15,000 रूपये जप्त किया गया है। आरोपी पर 20(बी) एनडीपीएस एक्ट की कार्रवाई कर रिमांड पर भेजा गया है।


### समस्त देशी, विदेशी मदिरा दुकान तथा एफ.एल.-3 होटल बार खोलने की मिली अनुमति

**रायगढ़ ।** कलेक्टर भीम सिंह ने रायगढ़ जिले की समस्त देशी व विदेशी मदिरा दुकानों एवं सी.एस.-2 घघ कम्पोजिट मदिरा दुकानों को 14 जून से प्रातः 9 बजे से रात्रि 8 बजे तक तथा समस्त एफ.एल.-3 होटल बार को 14 जून से दोपहर 12 बजे से रात्रि 10 बजे तक खोलने की अनुमति प्रदान की है। कलेक्टर ने मदिरा दुकानों एवं होटल बार संचालन के दौरान कोविड प्रोटोकाल तथा कोरोना महामारी से बचाव हेतु शासन द्वारा समय-समय पर जारी एसओपी का अनिवार्य रूप से पालन करने हेतु निर्देशित किया है। आगामी आदेश पर्यन्त प्रत्येक रविवार को पूर्ण लॉकडाउन रहेगा।

### प्रेमी युगल ने लगाई फांसी, पुलिस जांच में जुटी

**कवर्धा (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के कवर्धा जिले के पंडरिया थाना क्षेत्र में एक प्रेमी युगल ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है। दोनों मृतक ग्राम मझौली के रहने वाले थे। दोनों शादी कर अलग दुनिया बसाना चाह रहे थे। लेकिन लड़की के घर वाले शादी की मंजूरी नहीं दे रहे थे, क्योंकि वह नाबालिग थी। वहीं मृतक प्रेमी वाजिद खान 23 वर्ष की शादी हो चुकी थी। कुछ दिन पहले मृतक की पत्नी उसको छोड़कर मायके चली गई थी। एसपी शलभ कुमार सिन्हा ने बताया कि सूचना के बाद पुलिस घटना स्थल पर पहुंच गई है। मामले में छानबीन की जा रही है। पोस्टमार्टम में जो बात आती है उसकी जांच की जाएगी।

# आज को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जिले को 308.31 करोड़ रुपये के विकास कार्यों की देंगे सौगात



**रायगढ़।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 14 जून को जिले वासियों को 308.31 करोड़ रुपये की लागत के 99 विभिन्न विकास कार्यों की सौगात देंगे। जिसमें 91.17 करोड़ रुपए की लागत से 30 लोकार्पण एवं 217.14 करोड़ रुपये की लागत से 69 भूमिपूजन कार्य शामिल है।

❑ **30 लोकार्पण कार्य**- सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग अंतर्गत कुर्रा में 50 सीटर अनुसूचित जनजाति आश्रम भवन निर्माण लागत 1.63 करोड़ रुपये, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, ईकाई-2, धरमजयगढ़ अंतर्गत पाकरगांव से तोलमा सड़क निर्माण 8.46 करोड़ रुपये, बैसकीमुड़ा व्हाया होर्रोकृड़ा से लिबरा सड़क निर्माण 4.39 करोड़ रुपये, मड़वाताल से कुमा आरडी 10200 पुलिया लागत 2.12 करोड़ रुपये, कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग सेतु संभाग रायगढ़ अंतर्गत पांझर देवरी मार्ग पर माण्ड नदी पर पुल निर्माण लागत 10.42 करोड़ रुपये, रायगढ़ के नूनदरहा पांझरनाला में पुल निर्माण लागत 4.32 करोड़ रुपये, रायगढ़ के तुरेकेला से सरवानी मार्ग सपनई नदी में पुल निर्माण लागत 4.61 करोड़ रुपये, रायगढ़ से महाराज गंज से भुण्डीबहरी मार्ग के पाथोर नाला पर पुल निर्माण लागत 7.45 करोड़ रुपये एवं आमापाली से तोहलीकुंडा मार्ग पर केलो नदी पर पुल निर्माण लागत 6.40 करोड़ रुपये, कार्यपालन अभियंता छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल संभाग रायगढ़ अंतर्गत खरसिया में जीएडी शासकीय आवास का निर्माण कार्य लागत 5.48 करोड़ रुपये एवं धरमजयगढ़ में जीएडी शासकीय आवास का निर्माण कार्य लागत 5.48 करोड़ रुपये, कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग रायगढ़ अंतर्गत रायगढ़ के गांडापाली साजापाली ग्रामीण मार्ग लंबाई 3 कि.मी. सड़क कार्य लागत 4.91 करोड़ रुपये, खरसिया बाईपास क्रमांक एक का उन्नयन कार्य लंबाई 4.20 कि.मी. लागत 12.63 करोड़ रुपये, रायगढ़ के मुनंद बस्ती से धरमजयगढ़ खरसिया मुख्य मार्ग तक डामरीकरण सड़क निर्माण लंबाई 3 कि.मी.सड़क कार्य लागत 4.15 करोड़ रुपये, रायगढ़ के कुमरता से मैनपाट मार्ग का उन्नयन कार्य लं.3.60 कि.मी. लागत 1.02 करोड़ रुपये, रायगढ़ के सकरबोगा से ओडिशा सीमा मार्ग लं.1.50 कि.मी. लागत 3.86 करोड़ रुपये, चवरपुर सारंगढ़ में सिंचाई नाली निर्माण कार्य 20 लाख रुपये, झरन, लैलूंगा में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में ओपीडी कक्ष निर्माण कार्य लागत 20 लाख रुपये, धरमजयगढ़ के ग्राम पंचायत सागरपुर के आश्रित ग्राम खोगानारा में बागडाही से जमाबीरा मार्ग में पुलिया निर्माण लागत 20 लाख रुपये तथा चंद्रशेखरपुर में सीसी रोड निर्माण मुख्य मार्ग की ओर धरमजयगढ़ लागत 20 लाख, वन विभाग के अंतर्गत नंदगांव खरसिया तथा जोबी खरसिया के हाथी रहवास क्षेत्रों का विकास तथा तालाब निर्माण कार्य प्रति लागत 20 लाख रुपये, घरघोड़ा में कछार नाला तथा तमनार के बंजारी नाला, छोटे मुहानी नाला, शिवपुरी नाला, गदधारी नाला, कोलेडेगा नाला, बड़झरिया नालों में कुल 2.29 करोड़ की लागत से स्टाप डेम निर्माण तथा तमनार के तुमीडीह तथा ढोगामौहा में 55 लाख की लागत से मिट्टी बांध निर्माण कार्य शामिल है।

❑ **69 भूमिपूजन कार्य**- कार्यपालन अभियंता विद्युत विभाग अंतर्गत 2.8 करोड़ रुपये की लागत से संबलपुरी में 33/11 के.व्ही.उपकेन्द्र तथा 21.40 करोड़ रुपये की लागत से रायगढ़ जिले में 2140 नग कृषि पंपों का उर्जीकरण, सहायक संचालक उद्यान अंतर्गत 2 करोड़ रुपये की लागत से मुनगा प्रसंस्करण हेतु कामन फेसिलिटी सेन्टर, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग अंतर्गत तमनार, नाचनपाली एवं गोबरसिंघा में छात्रावास भवन एवं रेडा में आश्रम भवन कुल लागत 6.61 करोड़ रुपये, मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना इकाई-2 धरमजयगढ़ अंतर्गत नवघटा से छेलपोरा, कटेली से केडार, औरदा रोड से अमलीपाली एवं बाराडोला से टिनमिनी, गढ़उमरिया पुसौर मार्ग से आनंदडीपा में सड़क निर्माण कार्य लागत 4.71 करोड़ रुपये, कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग सेतु संभाग रायगढ़ अंतर्गत 10 पुल निर्माण लागत 75.30 करोड़ रुपये, कार्यपालन अभियंता जल संसाधन संभाग रायगढ़ अंतर्गत धनुहार डेरा एवं नेतनागर में एनीकट निर्माण कार्य लागत 12.99 करोड़ रुपये, बेसपाली नंदेली माईनर में सीमेंट कांक्रीट लाईनिंग कार्य लागत 64 लाख रुपये, खर्री छोटे बोइरमाल जलाशय, परसदा ताड़ीपार एवं मधुबन के नहर मरम्मत कार्य के लिये लागत 6.84 करोड़ रुपये, कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग रायगढ़ अंतर्गत विभिन्न समाजों के लिये 5 सामुदायिक भवन प्रति लागत 20 लाख रुपये सहित अन्य अनेक कार्य।

## छत्तीसगढ़ जैन युवा मोर्चा के युवा सेवा भावियों ने रोपे फलदार, छायादार पौधे

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ जैन युवा मोर्चा द्वारा रविवार को श्रीनाकोड़ा भैरव सोसायटी गार्डन पचपेड़ी नाका में वर्तमान की सबसे बड़ी आवश्यकता पर्यावरण सुरक्षा और शुद्ध वायु की उपलब्धता के लिए वृक्षारोपण अभियान चलाया गया. इसके तहत भैरव सोसायटी गार्डन परिसर में संगठन के युवा सदस्यों ने अनेक फलदार व छायादार वृक्षों के पौधों का रोपण उत्साह के साथ किया. आयोजन में कार्यक्रम समन्वयक अतुल जैन व सह समन्वयक जितेंद्र लोढ़ा की सक्रिय भागीदारी रही.

सर्वप्रथम अध्यक्ष जितेंद्र गोलछा एवं कार्यकारी अध्यक्ष सुरेश बाफना ने सभी सदस्यों का अभिनंदन कर उन्हें पौधरोपण में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया. इस अवसर पर जैन युवा मोर्चा के पूर्व अध्यक्ष राजेश जैन सहित तुषार चोपड़ा, लोकेश चंद्रकांत, अशोक सांखला विशेष रूप से सम्मिलित हुए तथा संगठन की मजबूत के लिए महत्वपूर्ण विचार रखे. संस्थापक एवं वरिष्ठ सदस्य संजय सिंगी, चंद्रकांत लुंकड़ ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए जैन समाज के उत्साही और अनुशासित नए युवाओं को संस्था से जोड़ने की प्रेरणा भी दी. कार्यक्रम का संचालन महासचिव मनीष लोढा एवं आभार प्रदर्शन कोषाध्यक्ष तरुण कोचर ने किया. कार्यक्रम में भैरव गृह निर्माण सोसायटी के उपाध्यक्ष राजेश जैन व सोसायटी के सदस्य पूरण बाफना विशेष रूप से आमंत्रित थे. वहीं नीलेश सांखला, जय सांखला, अभिलेश कटारिया, तनय लुनिया, जयेश बोथरा, छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स के उपाध्यक्ष जितेंद्र गोलछा, महावीर कोचर, विशाल नाहटा, प्रखर गोलछा, युवराज चोपड़ा, राजेंद्र पारख की सक्रिय सहभागिता रही।

## दो दिन की कार्रवाई में पुलिस ने बरामद की 42 नग मोबाइल

» **एक और मोबाइल चोर से चोरी की 25 मोबाइल बरामद, जब्त मोबाइल की कीमत डेढ लाख रूपये से अधिक**

**रायगढ़।** पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह के दिशा निर्देशन पर एक ओर जिले में सोशल पुलिसिंग के तहत मानवीय कार्य किये जा रहे हैं, वहीं प्रभारीगण अपराध नियंत्रण के लिये प्रभावी कार्यवाही की जा रही है।

जूटमिल चौकी प्रभारी अमित शुक्ला क्षेत्र में चोरी की वारदातों को नियंत्रण में रखने अपने मुखबिरों को लगातार संदिग्धों की सूचना देने एवं स्टाफ को चोरी, नकबजनी में संलिप्त आरोपियों की गतिविधियों पर निगाह रखने निर्देशित किया गया है। इसी क्रम में आज दिनांक 13/06/2021 के दोपहर चौकी प्रभारी जूटमिल को उनके मुखबिर द्वारा ट्रांसपोर्टनगर के पास एक युवक सस्ते दाम में महंगे मोबाइलों को बेचने के लिये ग्राहक तलाश कर रहा है, जिसके पास 20 से अधिक मोबाइल है। चौकी प्रभारी द्वारा तत्काल चौकी से सहायक उप निरीक्षक उमाशंकर विश्वाल के हमराह आरक्षक प्रकाश गिरी गोस्वामी, ओशनिक विश्वाल, प्रताप बेहरा, विक्रम सिंह को ट्रांसपोर्टनगर रवाना किये स्टाफ संदेही को हिरासत में लेकर पूछताछ किये। संदेही अपना नाम करन भारद्वाज पिता दुखुराम भरद्वाज उम्र 19 वर्ष निवासी गांधीनगर जूटमिल बताया, जिसने



हाईवे पर खड़ी वाहनों में तथा जूटमिल क्षेत्र में मोबाइल चोरी कर सस्ते दामों पर बेचना स्वीकार किया। आरोपी करन भारद्वाज के मेमोरेंडम पर 25 विभिन्न कम्पनियों के टच स्क्रीन एवं की-पैड मोबाइल जप्त किया गया है, आरोपी से जप्त मोबाइलों की अनुमानित कीमत करीब 1,60,000 रुपए है। चौकी जूटमिल में आरोपी के विरूद्ध धारा 41(1+4) सीआरपीसी/ 379 आईपीसी की कार्यवाही की गई है। कल जूटमिल पुलिस की कार्रवाई में दो अपचारी बालक से 17 नग मोबाइल, टूल्लू पम्प, स्कार्पियो वाहन की बैटरी बरामद किया गया था, आज की कार्रवाई सहित दो दिनों में जूटमिल पुलिस 42 मोबाईल कीमत करीब 3.20 लाख रूपये का जप्त किया गया है। आज की गई कार्रवाई में टीआई जूटमिल अमित शुक्ला, सउनि उमाशंकर विश्वाल, आरक्षक प्रकाश गिरी गोस्वामी, ओशनिक विश्वाल, प्रताप बेहरा, विक्रम सिंह की सराहनीय भूमिका रही है।

## दो गुम इंसान मिले, नाबालिग को भगा ले जाने वाला आरोपी गया जेल

» **ऑपरेशन मुस्कान के तहत लैलूंगा पुलिस को मिल रही सफलता**

**लैलूंगा।** जिला पुलिस द्वारा लापता बच्चों की दस्तयाबी के लिये समय-समय पर ऑपरेशन मुस्कान चलाया जाता है। पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी प्रभारियों को नाबालिगों के गुम रिपोर्ट पर गुम इंसान के साथ ही धारा 363 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर गंभीरता पूर्वक पतासाजी करने के निर्देश दिये गये हैं। पुलिस अधीक्षक के निर्देशों का पालन करते हुए थाना प्रभारी लैलूंगा निरीक्षक एलपी पटेल धारा 363 भादवि के मामलों की डायरी स्वयं जांच कर रहे



हैं। उनके द्वारा अप.क्र. 80/2021 धारा 363 भादवि की गुम बालिका एवं बालिका को बहला फुसलाकर भगा जे जाने वाले संदेही युवक अभिलाल सिदार के परिवारवालों को कड़ी फटकार लगाकर दोनों को पेश करने की हिदायत दिये थे।

जानकारी के अनुसार दिनांक 11/03/2021 को गुम बालिका के परिजन रिपोर्ट दर्ज कर बताये कि 08/03/2021 के सुबह बालिका बिना बताये कहीं चली गई थी, उसी दिन से गांव का अभिलाल भी गांव में नहीं है। थाना प्रभारी लगातार अभिलाल एवं गुम बालिका की पतासाजी कर रहे थे। इसी दरम्यान अभिलाल के सारंगढ़ की ओर लुकछिप कर रहने की जानकारी मिली , जिस पर वे सारंगढ़ स्टाफ से तस्दीक भी कराये पता नहीं चला, जिसके बाद अभिलाल के परिजन पर बालिका और संदेही को पेश करने का दबाव बनाये। तब अभिलाल बालिका को लेकर गांव छोड़ने आया था, जिसे मुखबिर सूचना पर दियागढ़ के जंगल के पास पकड़ा गया है। बालिका को दस्तयाब कर उसके माता पिता के सुपुर्द किया गया है। आरोपी अभिलाल पिता कार्तिकराम सिदार उम्र 21 वर्ष लैलूंगा को धारा 363+366 भादवि 8,12 पास्को एक्ट में गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है। इसके साथ ही थाना प्रभारी द्वारा ग्राम मांझीआमा की गुम युवती को भी दस्तयाब कर उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया है। मांझीआमा की युवती के संबंध में गुम इंसान दर्ज कर जांच की जा रही थी।

## कंपनी में मेटल जाम गिरने से मजदूर की मौत, प्रबंधन के खिलाफ मामला दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** कंपनी में छलक कर मेटल जाम गिरने से मजदूर गंभीर रुप से झुलस गया। जिसके चलते उसकी मौत हो गई। मामले की रिपोर्ट उरला थाने में दर्ज करायी गई है।



मिली जानकारी के अनुसार राजेन्द्रनगर उरला निवासी दीपक कुमार 30 वर्ष पिता रामाचंल निषाद ने थाने में शिकायत दर्ज करायी है कि प्रार्थी ग्रेवटी फैरम प्राईवेट लिमिटेड अछोली में प्रार्थी पिछले 07 वर्ष से मजदूरी का काम करता है। 12 जून को सुबह 09.45 बजे कंपनी में काम करते वक्त मशीन मैग्नेट में मेटल का जाम ऊपर ले जाते समय छलककर नीचे गिर जाने की वजह से प्रार्थी के साथ काम करने वाले महेश कुमार के सिर के उपर गिर गया। जिससे उसे गंभीर चोट लगने पर अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। कंपनी द्वारा काम कराते समय उचित सुरक्षा व्यवस्था नही करने तथा लापरवाही पूर्वक काम करने के जुर्म में ग्रेवटी फैरम प्राइवेट लिमिटेड प्रबंधन के खिलाफ धारा 287,304 के तहत अपराध कामय कर मामला दर्ज कर लिया गया है।

# किसानों के विकास के लिए मील का पत्थर है राजीव गांधी किसान न्याय योजना-मुख्यमंत्री

» **राजीव गांधी किसान न्याय योजना-2020 में साल भर के भीतर 18.45 लाख किसानों को चार किस्तों में 5 हजार 628 करोड़ रूपए की पूरी राशि का भुगतान**

» **राजीव गांधी किसान न्याय योजना-2021 की पहली किस्त की राशि 1500 करोड़ रूपए का भुगतान, 22 लाख किसान हुए लाभान्वित**

» **प्रदेश में विगत दो वर्षों में किसानों की संख्या 5 लाख 50 हजार बढ़ी**

**रायगढ़ ।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आकाशवाणी से प्रत्येक माह प्रसारित होने वाली लोकवाणी की 18वीं कड़ी में बातचीत की शुरूआत जय जोहार के अभिवादन के साथ करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ किसानों काए खेती-किसानी का राज्य है। हमारा मानना है कि किसान खुशहाल होगा, तभी प्रदेश खुशहाल होगा। विकास की इसी दूरगामी सोच के साथ हमने छत्तीसगढ़ में 21 मई 2020 को राजीव गांधी किसान न्याय योजना की शुरूआत की है। यह योजना हमारी सरकार की कृषक हितैषी सोच को साफ-साफ दर्शाती है। इससे छत्तीसगढ़ में किसानों की आय बढ़ेगी और वे आर्थिक रूप से सक्षम बनेंगे। उन्होंने कहा कि यह योजना छत्तीसगढ़ के किसानों के विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगी।

मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि हमने छत्तीसगढ़ में 21 मई 2020 को राजीव गांधी किसान न्याय योजना की शुरूआत की और साल भर के भीतर चार किस्तों में पूरी राशि 5 हजार 628 करोड़ रूपए का भुगतान 18 लाख 45 हजार किसानों के खाते में कर दिया। जो लोग पहले चार किश्तों में राशि देने को लेकर आपत्ति कर रहे थे, उन लोगों ने कोरोना संकट को देखते हुए यह कहना शुरू कर दिया था कि खरीफ2021 में धान बेचने वाले किसानों को राजीव गांधी किसान न्याय योजना का लाभ नहीं दिया जाएगा। कोरोना के कारण देश और प्रदेश की आर्थिक स्थिति पर निश्चित तौर पर बुरा असर पड़ा है। लेकिन मैंने स्पष्ट कहा कि इसका नुकसान किसानों को नहीं होने देंगे। इस तरह हमने राजीव गांधी किसान न्याय योजना 2021 के लिए बाकायदा बजट में 5 हजार 703 करोड़ का प्रावधान किया है और विगत वर्ष की तरह ही 21 मई अर्थात राजीव जी के शहादत दिवस पर, ठीक पिछली बार की तरह पहली किश्त की राशि 1500 करोड़ रूपए का भुगतान किसानों के खाते में कर दिया गया। इसमें 20 लाख 53 हजार 482 किसानों ने धान बेचा है तथा शेष लगभग डेढ़ लाख किसानों ने मक्का व गन्ना बेचा है। कोरोना महासंकट के बावजूद योजना के क्रियान्वयन में एक दिन की भी देरी नहीं की गई।

मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि हमारी सरकार के कृषक हितैषी निर्णय के फलस्वरूप प्रदेश में लोगों ने खेती में निवेश भी बढ़ाया है। यहां विगत दो वर्षों में किसानों की संख्या 5 लाख 50 हजार बढ़ी है। कई प्रदेशों में लोग जब खेती को छोड़कर अन्य काम-धंधा अपना रहे है, तब हमारे यहां किसानों की संख्या बढ़ना एक अच्छा संकेत है। इसका अर्थ है कि हमारे प्रयास किसानों के घर तक पहुंच रहे है। प्रदेश में वर्ष 2017-18 की तुलना में वर्ष 2020-21 में पंजीकृत किसानों की संख्या 15 लाख से बढ़कर 21 लाख 52 हजारए समर्थन मूल्य पर धान बेचने वाले किसानों का प्रतिशत 76.47 से बढ़कर 95.38 प्रतिशत हो गई है। यहां किसानों की रूचि और उत्साह के कारण ही सर्वाधिक कृषि ऋण वितरण का लक्ष्य भी हासिल किया गया है। प्रदेश में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी 56.88 मीट्रिक टन से बढ़कर 92 लाख मीट्रिक टन हो गई है।

❑ **राजीव गांधी किसान न्याय योजना का बढ़ा दायरा**- मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में होने वाली बहुत सी ऐसी फसलें हैं, जिन्हें सेहत के लिए बहुत उपयोगी और औषधियुक्त माना जाता है, लेकिन उनके समर्थन मूल्य पर खरीदी के लिए कोई प्रणाली विकसित नहीं की गई है। ऐसी स्थिति में धान, गन्ना और मक्का के अलावा बहुत सी फसलें लेने वाले किसानों को सरकार से सहयोग की जरूरत है। इस बात को हमने बहुत गंभीरता से महसूस करते हुए, राजीव गांधी किसान न्याय योजना का दायरा बढ़ाया है। खरीफ 2021 से धान के साथ खरीफ की प्रमुख फसल मक्का, कोदो-कुटकी, सोयाबीन, अरहर तथा गन्ना उत्पादक कृषकों को प्रति वर्ष 9 हजार रुपए प्रति एकड़ आदान सहायता राशि दी जाएगी। वर्ष 2020.21 में जिस रकबे से किसान द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान विक्रय किया गया था, यदि वह धान के बदले कोदो-कुटकी, गन्ना, अरहर, मक्का, सोयाबीन, दलहन, तिलहन, सुगंधित धान, अन्य फोर्टिफाइड धान, केला, पपीता लगाता है अथवा वृक्षारोपण करता है, तो उसे प्रति एकड़ 10 हजार रुपए आदान सहायता राशि दी जाएगी। वृक्षारोपण करने वाले कृषकों को तीन वर्षों तक आदान सहायता राशि दी जाएगी।

❑ **कोरोना संक्रमण को रोकने हरसंभव पहल**- मुख्यमंत्री बघेल ने प्रदेश में कोरोना के नियंत्रण तथा रोकथाम के उपायों और सावधानियों के बारे में भी प्रदेशवासियों से चर्चा की जिसमें उन्होंने बताया कि कोरोना की दूसरी लहर, वायरस के नए वेरिएंट के साथ आई थी और तेजी से बढ़ने लगी थी। अप्रैल में संक्रमण दर 30 प्रतिशत तक पहुंच गई थी।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480